खबर संक्षेप

## जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान 5 जून से

**कटनी।** शासन के निर्देशानुसार कटनी जिले में पौधारोपण के लिए एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान चलाया जाएगा। जिले में यह अभियान 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होगा । कलेक्टर दिलीप यादव ने सभी अधिकारियों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किये जाने वाले पौधारोपण की कार्ययोजना तैयार कर उस पर अमल करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के विद्यालयों में भी पौधा रोपण कराने के निर्देश दिये हैं। स्कूलों में पौधा रोपण मुख्य रूप से स्कूल परिसर, सार्वजनिक स्थल और अमृत सरोवर के आस-पास कराने कहा गया है। साथ ही पौधा रोपण के बाद उनकी देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी तय करने के निर्देश दिये गए है। इसके अलावा वन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और जल संसाधन, कृषि, उद्यानिकी और नगरीय निकायों के अलावा ग्राम पंचायतों द्वारा भी एक पेड़ मां के नाम 2.0 महाभियान के तहत विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाने के निर्देश दिये गए हैं। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप पौधा रोपण कराने के निर्देश दिये हैं ।

## आदतन अपराधी को हर माह थाना में उपस्थिति होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने लुरमी थाना बरही निवासी अशोक यादव पिता श्यामलाल यादव उम्र 30 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 से 16 तारीख को पुलिस थाना बरही में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री यादव ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। अशोक यादव के विरूद्ध वर्ष 2023 से 2024 तक 3 आपराधिक प्रकरण विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित है जिनमें गाली-गलौज एवं मारपीट जैसे मामले पंजीबद्ध है और विभिन्न न्यायालयों में प्रकरण प्रचलित है। अशोक यादव के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी अशोक के आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश नहीं लगा। इसलिए आदतन अपराधी अशोक यादव के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए आगामी 3 माह तक हर माह पुलिस थाना बरही में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

## धरे गये जुआरी

**कटनी।** अलग अलग स्थानों में चल रहे जुआफड़ पर कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की है। पुलिस के अनुसार चड्डा कालेज के पास नई बस्ती में सुनील निषाद आधारकाप, राहुल निषाद निवासी आधारकाप को जुआ खेलते पकड़ा है। कोतवाली पुलिस ने सरस्वती स्कूल के पास नई बस्ती में दबिश देकर राजकुमार निषाद निवासी नई बस्ती, मुकुल निषाद निवासी तिलक कॉलेज के पास प्रेम नगर को जुआ खेलते पकड़ा है। सभी के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

### ग्राहकों में जागरूकता का अभाव, दुकानदार सरकार को लगा रहे राजस्व चपत

# गड़बड़झाला: पक्के बिल की बजाए कागज की पर्चियों में चल रहा लाखों का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

दुकानों से आवश्यक वस्तु अधिनियम एवं आयकर का खुला उल्लंघन हो रहा हैं। अधिकांश दुकानों में सामान खरीदने के बाद दुकानदार ग्राहकों को पक्के बिल नहीं देते हैं। दवाईयां, किराना, हार्डवेयर, जनरल, स्टेशनरी, लोहा, सीमेंट, कपड़ा आदि दुकानों से रोजाना लाखों रुपए का व्यापार होता है लेकिन दुकानदार ग्राहकों को सामान खरीदी का पक्का बिल नहीं देते हैं। मात्र कागज की पर्ची पर हिसाब लगाकर क्रय की राशि वसूल की जाती है। हालांकि व्यापारी ग्राहक से टैक्स मसलन वैट, सेल्स आदि की राशि वसूल कर रहे हैं, लेकिन ग्राहक को बिल न देकर टैक्स की राशि हड़पकर आयकर विभाग को लाखों रुपए की चपत लगा रहे हैं। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी भी इन पर कार्रवाई नहीं करते।

सरकार द्वारा देश में समान टैक्स लागू करने के लिए जीएसटी लागू किया गया लेकिन अधिकांश व्यापारियों द्वारा जीएसटी के नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। व्यापारी ग्राहकों द्वारा बिल नहीं मांगे जाने का




बहाना बनाकर सामानों का बिल नहीं देते हैं तो वहीं ग्राहकों का मानना है कि यदि हम बिल नहीं लेंगे तो सामान सस्ता मिलेगा। जीएसटी बिल लागू करते समय बड़े बदलाव की बातें कही जा रही थी, लेकिन नगर सहित आसपास के कारोबारियों के पुराने ढर्रे पर ही सामान की बिक्री जा रही है। हजारों की खरीददारी पर भी पक्का बिल नहीं दिया जाता। कई बार दुकानदार ग्राहकों को यह कहकर गुमराह करते हैं कि यदि पक्का बिल चाहिए तो अलग से टैक्स अदा करना पड़ेगा। अलग से राशि चुकाने के चक्कर में कई बार ग्राहक बिना पक्के बिल के ही सामग्री क्रय कर लेता है। अधिकांश ग्राहकों जानकारी का अभाव है कि किसी भी वस्तु के एमएसपी रेट के साथ उस पर लगने वाले सभी टैक्स जुड़े होते हैं। इसलिए कोई भी दुकानदार पक्का बिल देते समय ग्राहक से उस वस्तु में दर्ज मूल्य से अधिक पैसा नहीं ले सकता।

जानकारी के अभाव में बाजार में अधिकांश लोग सैकड़ों से लेकर हजारों रूपए की सामग्री भी कच्चे बिल पर क्रय कर लेते हैं। इससे दुकानदार न सिर्फ टैक्स चोरी करता है बल्कि ग्राहक भी किसी प्रकार का कोई दावा करने में सक्षम नहीं रहता। यदि कोई ग्राहक पक्का बिल मांगता भी है तो दुकानदार बिल में अलग से जीएसटी जोड़ कर डरा देते हैं। इसलिए उपभोक्ता चाह कर भी पक्का बिल लेने की हिम्मत नहीं जुटा पाता। व्यापारियों का अलग से जीएसटी चार्ज जोडऩे का यह फंडा टैक्स चोरी का कारण बन रहा है।

खरीदारी के वक्त टैक्स बचाने के लिए कई दुकानदार डिस्काउंट का ऑफर भी देते हैं। ग्राहक मिल रही खुली रियायत को फायदा समझ बिल लेने के बजाय उत्पाद लेकर ही संतोष कर लेते हैं। इससे जहां एक ओर सरकार को टैक्स की चपत लगती है वहीं इसका खामियाजा ग्राहकों को सामग्री में शिकायत आने के बाद भुगतना पड़ता है,जब सर्विस सेंटर वारंटी देने से इनकार कर देता है।

### ग्राहक में जागरूकता आवश्यक

टैक्स चोरी रोकने के लिए सरकार विज्ञापन व कई माध्यमों से प्रचार-प्रसार कर रही है। इसके बावजूद लोगों में जागरूकता की कमी है। ग्राहक खरीदारी के वक्त वस्तु की गुणवत्ता व बिलिंग को लेकर तत्पर रहेंगे तो उनके द्वारा की जा रही खरीदारी का लाभ सिर्फ दुकानदारों को मिलने के बजाय सरकार को भी होगा। राज्य कर सेवा के अधिकारियों का कहना है जब तक ग्राहक जीएटी व पक्का बिल लेने के लाभ को नहीं समझेंगे तब टैक्स चोरी रोकना संभव नहीं हैं।

### क्या कहता है नियम

दो सौ से से ज्यादा सामान बेचने पर व्यापारी को बिल अनिवार्य रूप से जारी करना होगा। यदि उपभोक्ता को किसी दुकानदार या व्यापारी सही बिल जारी नहीं करता है तो ग्राहक शिकायत कर सकते हैं।



# समग्र ई-केवाईसी में कम प्रगति पर थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

समग्र पोर्टल पर नागरिकों की समग्र आईडी का शत प्रतिशत आधार ई-केवाईसी पूर्ण कराने के लिए संचालित विशेष अभियान के बावजूद नगर परिषद कैमोर, बरही व विजयराघवगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा रूचि नहीं लिये जाने पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने संबंधित अधिकारियों को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया है। कलेक्टर श्री यादव ने बरही के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जारी कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया है कि अभियान की समीक्षा एवं समग्र पोर्टल से प्राप्त दैनिक ई-केवाईसी रिपोर्ट से यह तथ्य संज्ञान में आया है कि बरही में ई-केवाईसी 63.74 प्रतिशत है, जो अत्यंत कम है और साथ ही दैनिक प्रगति भी कम है।

इसी प्रकार विजयराघवगढ़ के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जारी नोटिस में ई-केवाईसी की कम प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि विजयराघवगढ़ में ई-केवाईसी की प्रगति 70.06 प्रतिशत है जो अत्यंत कमजोर है और दैनिक प्रगति भी कम है। इसी प्रकार नगर परिषद कैमोर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि कैमोर में समग्र ई-केवाईसी की प्रगति 51.09 प्रतिशत ही है जो अत्यंत न्यून है। साथ ही दैनिक प्रगति भी कम है ।

कलेक्टर श्री यादव ने तीनों मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं और हिदायत दी कि अन्यथा कि स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही की जायेगी।

ढीमरखेड़ा जनपद अंतर्गत ग्राम सनकुई पंचायत का मामला

# मजदूरों की बजाये जेसीबी चलवाकर कराया जा रहा खेत तालाब का निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत सनकुई में खेत तालाब योजना के तहत जगदीश नामदेव की जमीन पर खेत तालाब निर्माण के लिए एक लाख सैंतालीस हजार रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। इस योजना से किसानों को अपनी खेती में पानी की समस्या को दूर करने और सिंचाई के लिए जल संचयन करने में मदद करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इस योजना के तहत, किसानों को तालाब निर्माण के लिए अनुदान राशि प्रदान की जाती है। किसानों को अपनी खेती में पानी की समस्या को दूर करने और सिंचाई के लिए जल संचयन करने में मदद करना शासन का उद्देश्य है।

खास बात है कि यह मामला ग्राम पंचायत सनकुई का प्रकाश में आया है। जहां खेत तालाब के निर्माण कार्य में सरपंच सचिव इंजीनियर की मिली भगत से मजदूरों की जगह जेसीबी से काम कराया जा रहा है।

जेसीबी चला कर सरपंच सचिव शासन के निर्देशों की अवहेलना कर रहे हैं। शासन की महत्वपूर्ण मनरेगा योजना का जिम्मेदारों के द्वारा जानबूझकर जेसीबी मशीन से निर्माण कर मजदूरों के हक में डाका डाला जा रहा है।

सचिव गुमान सिंह बागरी ने बताया कि खेत तालाब में अभी निर्माण कार्य प्रगति पर है आगे के निर्माण में मजदूरों से किया जायेगा।

## सहायक संचालक ने किया स्कूल का औचक निरीक्षण



सहायक संचालक राजेश अग्रहरी एवं समन्वयक राकेश बारी ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरौंध एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ी निवार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान शासकीय विद्यालय पिपरौंध के निरीक्षण के दौरान उन्होंने द्वितीय अवसर हेतु अध्यापन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शासकीय विद्यालय पहाड़ी निवार के निरीक्षण के दौरान संस्था के सराहनीय परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य एवं स्टाफ को बधाई दी। साथ ही संस्था में मंडल परीक्षा द्वितीय अवसर 2025 की संचालित कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए स्टाफ को नये सत्र की कार्ययोजना में लक्ष्यों पर कार्य करने हेतु निर्देशित किया।

# फुटपाथ पर अतिक्रमण कर आवागमन बाधित करने वालों के ठेले किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से मुख्य बाजार क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गों एवं फुटपाथ में अतिक्रमण कर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वालों के विरुद्ध मुहिम चलाकर कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है। सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया कराने को लेकर सोमवार शाम नगर निगम एवं पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा नगर के मुख्य बाजार क्षेत्र स्टेशन रोड मार्ग में यातायात को सुगम बनाने हेतु पैदल मार्च करते हुए अतिक्रमणकारियों पर संयुक्त कार्रवाई की गई।

अतिक्रमण प्रभारी मानेंद्र सिंह ने



बताया कि संयुक्त दल द्वारा सिटी कोतवाली से स्टेशन रोड मार्ग तक पैदल मार्च किया गया। इस दौरान सड़क किनारे फुटपाथ पर अस्थाई रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही के साथ ही मुख्य मार्ग में दुकानों की निर्धारित सीमा के बाहर रखी गई सामग्री को निगम की रिमूवल गैंग द्वारा हटाया गया। इस दौरान सुगम यातायात हेतु अतिक्रमण वाहन में संलग्न माइक सिस्टम के माध्यम से उद्घोषणा की जाकर मुख्य मार्ग पर अव्यवस्थित खड़े वाहनों को व्यवस्थित रूप से पार्क कराने की कार्यवाही की जाकर आवागमन में बाधक बन रहे 5 ठेला संचालकों को चेतावनी देते हुए ठेलों को संयुक्त दल द्वारा जब्त करने की कार्यवाही की गई।

जन सुनवाई में पहुंचे 180 आवेदकों ने बताई अपनी समस्याएं

# किसान ने कहा आंधी में टूट गए खंभे, बिजली नहीं मिलने से सूख रही फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अधिकारियों ने यहां पहुंचे 180 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजस्व, बिजली, पानी एवं मांगों से संबंधित शिकायतों की अधिकता रही। जनसुनवाई के दौरान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी क्रांतिका मिश्रा ने आवेदन देते हुए कहा कि मेरे पति बृज कुमार मिश्रा का निधन फरवरी 2024 में हो गया है। वे राजस्व विभाग में चपरासी के पद पर पदस्थ थे। उनकी मृत्यु के उपरांत उनकी जगह मेरे पुत्र किशन मिश्रा



को अनुकंपा नियुक्ति मिलनी थी। लेकिन अभी तक अनुकंपा नियुक्ति नहीं मिल पाई है। इस पर स्थापना शाखा को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत गुलवारा निवासी राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम पंचायत गुलवारा के द्वारा नाली निर्माण कराया जा रहा है, परंतु मेरे घर के सामने नाली निर्माण का कार्य रोक दिया गया है। रूके हुये इस निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाये। इस पर जनपद सीईओ कटनी को शिकायत का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

ग्राम बडेरा निवासी सालिकराम पटेल ने बताया कि पिछले दिनों आये आंधी तूफान के कारण मेरे खेत में लगे दो बिजली के खंभे टूट गए हैं तथा सर्विस लाइन जमीन पर पड़ी हुई है। इससे जनधन की हान होने का खतरा तो है ही साथ ही खेतों में लगी मूँग की फसल पानी के अभाव में सूख रही है। इस पर बिजली विभाग को त्वरित कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए गए।

## ई-केवाईसी अभियान को गति देने निगमायुक्त ने ली राशन डीलरों की बैठक

# ई केवायसी नहीं कराने वालों को लाभ लेने में होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आईडी का आधार के साथ शत-प्रतिशत ई-केवायसी कराये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे की मौजूदगी में मंगलवार को नगर निगम कार्यालय में शहर के राशन डीलरों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयुक्त श्री दुबे ने बताया कि शासन निर्देशानुसार नगर में चलाये जा रहे ई-केवायसी अभियान के अंतर्गत पूर्व में नगर निगम द्वारा वार्डवार शिविर आयोजित किए जाकर महिला बाल विकास की टीम के साथ नागरिकों की ई-केवाईसी किए जाने की कार्यवाही की गई है। वर्तमान में इस कार्य में संलग्न निगम की टीम द्वारा डोर टू डोर सर्वेक्षण करते हुए सभी वंचित नागरिकों की समग्र आईडी का आधार के साथ ई-केवायसी का



कार्य किया जा रहा है।

निगमायुक्त श्री दुबे ने बताया कि इस महत्वपूर्ण कार्य को और अधिक गति प्रदान किए जाने के उद्देश्य से नगर की समस्त राशन दुकानों में केवाईसी हेतु नगर निगम की टीम लगाई जाएगी। इस दौरान राशन प्राप्त करने वाले सभी हितग्राहियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का भी शत-प्रतिशत ई-केवायसी कार्य पूर्ण कराया जा सकेगा । उक्त कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने हेतु आयुक्त श्री दुबे ने उपस्थित सभी राशन डीलरों को नगर निगम की टीम संपर्क करते हुए सहयोग की अपेक्षा की है। आयुक्त श्री दुबे ने डीलरों से राशन उठाव की प्रारंभिक तिथि की जानकारी लेते हुए उठाव प्रक्रिया के पूर्व नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को सूचित करने तथा ई केवाईसी के दौरान आवश्यक दस्तावेजों की सूची राशन दुकान में चस्पा करने की बात कही ताकि समय रहते उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी पूर्ण कराया जा सके। आयुक्त श्री दुबे ने राशन उपभोक्ताओं से ई केवाईसी के दौरान अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर एवं आधार कार्ड साथ में लाने संबंधी सूचना प्रदान करने की बात राशन डीलरों से कही।

आयुक्त श्री दुबे ने नागरिकों से आग्रह किया है कि जिनका समग्र आईडी का आधार के साथ ई केवाईसी अभी तक किसी कारणवश नहीं हुआ है, वे प्राथमिकता के साथ राशन दुकानों में पहुंचकर ई केवाईसी कराएं , ताकि भविष्य में उन्हें बिना किसी कठिनाई के निरंतर राशन एवं शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

## सर्प दंश से किशोरी एवं वृद्ध महिला की मौत

**कटनी।** सर्प के काटने से एक किशोरी सहित वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटनाएं स्लीमनाबाद व बहोरीबंद थाना क्षेत्र में हुई। सूचना पर पुलिस ने मामलों को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम बंधी धूरी में रागिनी कोल पिता कमलेश कोल 13 की सर्पदंश से मौत हो गई है। इसी प्रकार बहोरीबंद थाना क्षेत्र अंतर्गत रामकली भाई कोल पति मंगल कोल 75 निवासी मड़ैया किरहायी पिपारिया की जहरीले सर्प के काटने से मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामलों को जांच में लिया है। इसी तरह स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरी मवई में सौरभ पटेल 19 की जहरीले पदार्थ के खाने के इलाज दौरान मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

**Requirement**

**Tavite B.Ed. Training College, Katni**
(Approved by N.C.T.E., New Delhi, Affiliated by R.D.V.V. Jabalpur)
(College invite application for the post written below under code 28, RDVV Jabalpur,

| S.No. | Name of Post | No. of Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Astt. Professor Economics | 01 | M.A.(Economics) with 55% + M.Ed. with 55% Ph.D in Education(Desirable) |
| 2 | Astt. Professor (Math's) | 01 | M.Sc. (Math's) with 55%+ M.Ed. with 55% Ph.D Education (Desirable) |
| 3 | Astt. Professor (Chemistry) | 01 | M.Sc. (Chemistry) with 55%+ M.Ed. with 55% Ph.D Education (Desirable) |
| 4 | Astt. Professor (Art & Craft) | 01 | M.F.A. with 55% |
| 5 | Astt. Professor (Music) | 01 | M.A. in Music with 55% |

**Salary: - As per U.G.C. Norms**
1. Submit your Resume with Documents within 15 days from date of publication on address below

**Office: -**
Tavite B.Ed. Training College,Heera Ganj, Katni

**Campus:**
Tavite B.Ed. Training College, NH30, Jabalpur Road, Piproundh, Katni.

Contact: - 7000504621, 9200216929, 9300512627.
Or send on E-mail ID: - Tavite.sukirti@gmail.com
Website: - tavitebedcollege.com

## खबर संक्षेप

### स्वरोजगार योजना से आत्मनिर्भर बनेंगे युवा

**कटनी**। अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को अपना नया व्यवसाय शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना शुरू की गई है। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के वे युवा जो 18 से 45 वर्ष के हो, न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हो, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो, किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी बैंक का डिफॉल्टर न हो तथा केंद्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो, पात्र है। इस योजना के तहत विनिर्माण इकाइयों जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग आदि के लिए 1 लाख रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक का एवं सेवा और खुदरा व्यवसाय परियोजनाओं जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फुटवेयर, किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय आदि के लिए 1 लाख रूपये से लेकर 25 लाख तक का ऋण दिया जाता है। साथ ही योजनांतर्गत हितग्राही को 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष या वास्तविक दर पर अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा। ऋण की गारंटी फीस का भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। इच्छुक युवा मूल निवासी प्रमाण पत्र, 8वीं की मार्कशीट, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो आदि के साथ के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**कटनी**। सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है। हादसा ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कछारगांव में हुआ। जानकारी के अनुसार आशीष पिता शारदा प्रसाद लोधी 35 निवासी पानउमरिया की एक्सीडेंट में मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### फांसी के फंदे में झूल युवक ने की खुदकुशी

**कटनी**। एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की ली। घटना माधवनगर थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम इमलिया में राजा बर्मन पिता स्व काशीराम बर्मन 32 निवासी नयागांव इमलिया थाना माधवनगर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### युवक के साथ मारपीट पर मामला दर्ज

**कटनी**। किसी बात को लेकर दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। मामला स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत भगनवारा गांव का है। पुलिस ने शिकायत पर मामला कायम करते हुए मामले की जांच शुरू दी है। जानकारी के अनुसार जग्गू कोल निवासी बड़खेरा-भरदा थाना स्लीमनाबाद की शिकायत पर आकाश कोल निवासी ग्राम भगनवारा पर मामला दर्ज किया गया है।

---

### ट्यूबैवल एवं हैण्डपंपों के पास पानी को व्यर्थ बहने से रोकने रिचार्ज पिट का निर्माण

# नवाचार: बारिश की बूंदों को सहेजने कुंओं की सफाई, भू जल स्तर बढ़ाने के अभिनव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी की महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में एक अभिनव नवाचार किया जाकर लगभग 33 लाख 97 हजार रुपये की लागत से जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य कराये जा रहे है। नगर निगम के माध्यम से कराये जा रहे इस महत्वपूर्ण नवाचार के फलस्वरूप आगामी वर्षा ऋतु के दौरान व्यर्थ बह जाने वाले वर्षा जल को संग्रहित किया जा सकेगा जिससे भू-जल स्तर में सुधार होने के साथ-साथ आगामी ग्रीष्म ऋतु में नगर की जल आपूर्ति और भी बेहतर तरीके से की जा सकेगी।

#### नागरिकों का सहयोग जरूरी :महापौर

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा नागरिकों से उनके आस पास के जल स्त्रोतों एवं जल संरचनाओं को साफ एवं स्वच्छ रखने में अपना योगदान देने की अपील की जाकर कहा गया है कि प्रत्येक नागरिक



अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था जरूर करें, जल संकट के समय यही जल स्त्रोत हमारे लिए उपयोगी होते है इनका संरक्षण, संवर्धन करना हम सभी की जवाबदारी है इसमें अपना योगदान अवश्य करें। जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु नगर के जल स्त्रोतों की सफाई का नियम प्रशासन का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

#### 100 से अधिक स्थलों में होगा वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण

प्रायः ही देखने में आया है कि वर्षाकाल में हैंडपंप एवं ट्यूबवेल के पास पानी भरने के दौरान अधिकांश पानी व्यर्थ बह जाता है। इन जल स्त्रोतों के माध्यम से व्यर्थ बहने वाले पानी को सहेजकर जल संवर्धन करने हेतु निगम प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रिचार्ज पिट निर्माण की एक और अभिनव पहल की गई है। उपयंत्री श्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि वर्षा जल को ट्यूबवेल एवं हैंडपंपों के पास वाटर रिचार्ज पिट के माध्यम से हुए संग्रहित कर भूजल स्तर में सुधार करने के उद्देश्य से 13 लाख 40 हजार रुपये की लागत से नगर के लगभग 100 हैंडपंप एवं ट्यूबवेल के आसपास वाटर हार्वेस्टिंग हेतु रिचार्ज पिट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत 24 स्थलों पर वाटर रिचार्ज पिट का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वाटर रिचार्ज पिट का यह कार्य पूर्ण हो जाने से निकट भविष्य में भू-जल स्तर में काफी हद तक सुधार हो सकेगा।

#### कुओं की औसतन 10 फुट तक कराई जा रही सफाई

कार्यपालन यंत्री जल प्रदाय विभाग सुधीर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर की सुचारू पेयजल व्यवस्था के मद्देनजर निगम प्रशासन द्वारा नित नए नवाचार किये जा रहे है। जिसके तहत 20 लाख 57 हजार रुपये से नगर के विभिन्न वार्डो के 60 कुओं की सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया है। विगत माह से प्रारंभ हुए जल संरक्षण के इस महत्वपूर्ण कार्य के तहत अब तक नगर के विभिन्न वार्डो के 7 कुओं की 10 से 15 फिट तक सफाई कराई जाकर उनमें जमा गाद, कचरा एवं सिल्ट को बाहर निकाला जा चुका है। कुओं की सफाई का कार्य पूर्ण करा दिए जाने से आगामी वर्षा ऋतु के दौरान जहां एक ओर इन कुओं के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण का बेहतर विकल्प मिल सकेगा वहीं कुए में पानी एकत्रित हो जाने से आसपास के भू-जल स्तर में भी सुधार होगा। जल सहेजने हेतु निगम प्रशासन द्वारा शेष कुओं की सफाई का कार्य निरंतर जारी है।

---

# 6 विभागों की 20 प्रकार की छात्रवृत्ति का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विद्यालयों में कक्षा-1 से 12 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को वर्तमान में 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृत्ति शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर विद्यार्थी के खाते में भुगतान किये जाने की व्यवस्था है। राज्य में समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2013-14 से लागू की गयी है। इसके क्रियान्वयन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग को नोडल विभाग निर्धारित किया गया है।

#### एनआईसी के माध्यम से तैयार किया है सिस्टम

योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी का नाम समग्र यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षा और स्कूलवार नामांकन ऑनलाइन किये जाने का सिस्टम शिक्षा पोर्टल में एनआईसी के माध्यम से तैयार कराया गया है। प्रत्येक छात्र की प्रोफाइल, जिसमें जाति, माता-पिता का व्यवसाय, परिवार की वार्षिक आय, बीपीएल स्टेटस, छात्रावासी स्टेटस, गत वर्ष का परीक्षा परिणाम आदि

#### स्कूल शिक्षा विभाग की समेकित छात्रवृत्ति योजना

जानकारियाँ, जो कि छात्रवृत्ति गणना करने के लिये आवश्यक होते हैं, उन्हें ऑनलाइन किया जाता है। इसके आधार पर सिस्टम द्वारा छात्रवृत्ति की गणना कर स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है।

#### यहां से ले सकतें है जानकारी

वर्ष 2022-23 से अनुसूचित जाति-जनजाति केन्द्र प्रवर्तित और राज्य प्री एवं पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं का क्रियान्वयन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एमपीटास (डच्ज।ै) पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इस वर्ष विभाग ने छात्रवृत्ति वितरण के लिये कैलेण्डर तैयार किया है। इस संबंध में जिला शिक्षाधिकारियों को भी निर्देश जारी किये गये हैं। छात्रवृत्ति के संबंध में जिला शिक्षा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

---

*परिजनों ने बरही सीएमओ पर लापरवाही के लगाए आरोप*

# इलाज के दौरान महिला के पेट में चली गई सुई, ऑपरेशन कर बाहर निकाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

एक महिला के पेट में सुई फंसने के मामले में परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार बरही तहसील के सिविल अस्पताल में विगत दिनों ग्राम करेला निवासी शुभम दुबे अपनी कंचन दुबे की तबीयत खराब होने के चलते बरही अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान बाटल चढ़ाई गई और बाडी पर चार पांच इंजेक्शन पिच किये गए। एक इंजेक्शन की 4 इंच की निडिल महिला के पेट में चली गई। महिला के परिजनों ने डाक्टर से पूछा की निडिल कहा चली गई कहीं नहीं दिख रही तो डाक्टर ने कहा कहीं गिर गई होगी। होश आने पर परिजनों




ने महिला को लेकर अपने घर करेला चले गए। दूसरे दिन कटनी अस्पताल जाकर एक्स-रे करवाया गया तो रिपोर्ट आने पर पता चला की महिला के पेट के आंतों के बीच 4 इंच की सिरिंज फंसी है। परिजन घबड़ा गए आनन-फानन निजी अस्पताल में पहुंचे। डाक्टर ने आपरेशन करने की बात कही।

#### की गई शिकायत

कंचन दुबे के परिजनों ने बीएमओ डाक्टर राममणि पटेल पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बीएमओ की लापरवाही से महिला की जान जा सकती थी। महिला के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। इसकी शिकायत 181 व जिला सीएमओ से की गई है।

#### आरोप निराधार : बीएमओ

इस संबंध में बीएमओ डॉ राममणि पटेल का कहना है की जो आरोप महिला के परिजन मेरे उपर लगा रहे वह निराधर झूठ है बेहोशी की हालत में महिला को अस्पताल लाया गया था। डुयूटी पर सिस्टर थी मेरे द्वारा जांच कर इलाज किया गया महिला को होश आ गया और स्वास्थ्य पर सुधार हुआ। मैं अपने रूम चला गया। महिला को ब्रेन संबंधित समस्या है जो मनगढ़ंत आरोप लगाया जा रहा वह झूठ है। मैं 24 घंटे मारीजो की सेवा में उपलब्ध रहता हूं।

---

### हांका टीम ने बेसहारा मवेशियों को पकड़ भेजा कांजी हाउस



नगर के सार्वजनिक मार्गो में स्वतंत्र रूप से विचरण करनें वाले घुमंतु गौवंशों को पकड़कर कांजी हाउस में भेजकर शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू एवं सुगम बनानें के उद्धेश्य से निगम प्रशासन की हांका गेंग शहर के विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर कार्यवाही कर रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि महापौर प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा दिये गए निर्देशों के परिपालन में निगम के स्वास्थ्य विभाग की हांका गेंग द्वारा नगर के सार्वजनिक मार्गो मे अभियान चलाकर घुमंतू गौवंशों को पकड़नें की कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को अंबेडकर वार्ड स्थित गायत्री नगर एवं अन्य मार्गो में हांका टीम द्वारा कार्यवाही की जाकर सार्वजनिक मार्गो में स्वतंत्र रूप से विचरण कर यातायात को बाधित एवं सफाई व्यवस्था को प्रभावित करनें वाले गौवंशों को वाहनों के माध्यम से अमीरगंज स्थित कांजी हाउस भेजने की कार्यवाही की गई।

---

### प्रति व्यक्ति को प्रतिदिन 210 ई-केवाईसी का लक्ष्य निर्धारित

# वार्डवार समग्र ई-केवाईसी शिविर का आयोजन 8 जून तक, दल का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा समग्र ई-केवाईसी के कार्य में प्रगति लाने के दिए गए निर्देशों के परिपालन में निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा एक आदेश जारी कर 8 जून तक प्रतिदिन वार्डवार शिविर आयोजित करने हेतु सागर नायक को नोडल अधिकारी एवं रविशंकर पाण्डेय सहायक सामुदायिक विकास संगठक को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। निगमायुक्त श्री दुबे ने गठित दल में शिविर हेतु 51 कर्मचारियों तथा 3 दल प्रभारियों को संलग्न करने हुए प्रति व्यक्ति का 210 ई-केवाईसी का प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक कुल 11 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर दल प्रभारी श्री मुकेश राजपूत राजस्व उपनिरीक्षक को नियुक्त किया गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 16 से 30 हेतु कुल 12 कर्मचारियों को नियुक्त किया जाकर श्री लवकुश तिवारी प्रभारी राजस्व उपनिरीक्षक को दल प्रभारी और वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक के लिए 12 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर दल प्रभारी का दायित्व श्री प्रकाश पटेल प्रभारी राजस्व उप निरीक्षक को सौंपा गया है।

वहीं नागरिकों की ई-केवाईसी सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए 7 एवं 8 जून को वार्ड क्रमांक 1 से 45 तक शिविर आयोजन हेतु गठित दल 16 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाकर इस दल का प्रभारी श्री नागेन्द्र पटेल प्रभारी कार्यालय अधीक्षक को बनाया गया है।

निगमायुक्त श्री दुबे ने दल प्रभारियों को प्रत्येक दो -दो घंटे मे दल के सदस्यों से रिपोर्ट लेने तथा नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी को कार्य की सतत रूप से समीक्षा करने के निर्देश दिए है। निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति न पाये जाने पर संबंधित कर्मचारियों के विरूद्ध एकपक्षीय अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

---

*चोरी की बाइक बरामद, आरोपित को न्यायालय में किया गया पेश*

# बस स्टैण्ड से बाइक चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बस स्टैण्ड क्षेत्र से कुछ ही मिनटों के अंदर बदमाश ने बाइक चोरी कर ली। वाहन मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बस स्टैण्ड चौकी पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पतासाजी शुरू की और 24 घंटे के अंदर ही चोरी गई बाइक को बरामद कर लिया। बाइक चोरी करने वाले बदमाश को भी गिरफ्तार किया गया।

बस स्टैण्ड चौकी प्रभारी एसआई योगेश मिश्रा ने बताया कि इन्द्र कुमार यादव पिता गोविन्द यादव 30 वर्ष निवासी मूडपार थाना रीठी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 31/5/25 को काम से अपने छोटे भाई सुग्रीव यादव की हीरो कम्पनी की डीलक्स



मोटरसाईकिल क्रमांक MP21 MG 2704 को लेकर कटनी आया था। बस स्टैण्ड के समीप पेट्रोल पम्प के पास मो.सा. खडी कर सामान कन्हवारा भेजने रोड के किनारे खड़ी बस के पास चला गया जब बस में सामान वापस रखवाकर वापस आया देखा तो जहां मो. सा. खडी किया था वहां नहीं खडी थी। मैनें मो.सा. को आसपास देखा जो नहीं मिलने पर छोटे भाई सुग्रीव यादव को फोन से बताकर वापस घर चला गया। अगले दिन दिनांक 01/06/25 को थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट किया जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 483/25 धारा 303 (2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

चौकी प्रभारी बस स्टेण्ड उप निरीक्षक योगेश मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम गठित की जाकर आसपास कैमरों एवं मुखबिर की सहायता से अज्ञात आरोपी एवं चोरी गई मोटरसाईकिल की पता तलाश की गई जो मुखबिर द्वारा फुटेज में चोरी गई मोटरसाईकिल ले जाने वाले व्यक्ति की पहचान कैलवारा खुर्द निवासी रामसहाय यादव उर्फ लल्ला यादव के संबंध में संदेह जाहिर करने पर कैलवारा खुर्द पहुंच स्टाफ की मदद से संदेही रामसहाय यादव उर्फ लल्ला यादव पिता बुल्लू यादव 35 वर्ष निवासी ग्राम कैलवारा खुर्द थाना कोतवाली को अभिरक्षा में लेकर कडाई से पूछताछ की गई जो अपना जुर्म स्वीकार किया जिसके कब्जे से चोरी गई बाइक को बरामद करते हुए बदमाश को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

---

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब से खेतों तक पहुंचेगा पानी

# गांवों में बनाए जा रहे खेत तालाब, अमृत सरोवर व रिचार्ज पिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में मनरेगा योजनांतर्गत बन रहे खेत तालाब, अमृत सरोवर और रिचार्ज पिटों से खेतों को फसलों की आवश्यकता के समय पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। इससे किसान आर्थिक समृद्धि की नई इबारत लिख सकेंगे। कुंओं को रिचार्च करने के लिए कूप रिचार्ज पिट बनाये जा रहे हैं, ताकि कुंओं का जल स्तर बना रहे और गर्मियों में भी पानी की उपलब्धता रहे।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के सभी 6 जनपद पंचायतों में 18 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य है। जिसमें से 9 अमृत सरोवर पर काम प्रगतिरत है। इसी प्रकार सभी 6 जनपद पंचायतों में 1423 खेत





तालाब बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर जिले में लक्ष्य से अधिक 1989 खेत तालाब स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें से 1514 खेत तालाब प्रगतिरत है। इसी प्रकार मनरेगा योजना की कपिलधारा रिचार्ज पिट के तहत 1500 कुंओं को बारिश के पानी से रिचार्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के लिए 1794 कपिलधारा रिचार्ज पिट स्वीकृत किये गए हैं। इनमें से 1447 कुंओं के रिचार्ज पिट बनाए जाने का काम प्रगतिरत है।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि जिले के लिए निर्धारित जलदूत के लिए 2600 के लक्ष्य के विरूद्ध माय भारत पोर्टल पर 3094 जलदूतों का पंजीयन किया जा चुका है।

किसान अपने खेतों में खेत तालाब बनवाने के लिए स्वयं रूचि ले रहे हैं। और आगे बढ़कर सहभागिता कर रहे हैं। ताकि खेत तालाब में वर्षा जल संचित हो सके और भू-जल स्तर में बढ़ोतरी हो। और किसानों को फसल उत्पादन में लाभ मिले। जिले के जनपद पंचायत बड़वारा में 256 खेत तालाब प्रगतिरत है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद में 328, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 309, जनपद पंचायत कटनी में 139, जनपद पंचायत रीठी में 253 एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 229 खेत तालाब प्रगतिरत है।

जनपद पंचायत बड़वारा में 313 रिचार्ज पिट प्रगतिरत है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद में 253, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 59, जनपद पंचायत कटनी में 197, जनपद पंचायत रीठी में 277 एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 348 रिचार्ज पिट प्रगतिरत है।

---

### मीडियाकर्मियों से अभद्रता करने वाले पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई

**कटनी**। महिला थाना में 31 मई को पुलिस द्वारा पत्रकारों एवं बच्चों महिलाओं के साथ किये अत्याचार के संबंध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिख कर पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है आपको उपरोक्त जानकारी देते हुए दुख हो रहा है कि कोतवाली कटनी में स्थित महिला थाना में 31 मई 2025 को रात्रि में समाचार कवरेज करने पहुंचे पत्रकार साथियों पर पुलिस अधिकारियों द्वारा बदतमीजी करते हुए धक्का मुक्की किए जाने का वीडियो आया है जिसे आपके संज्ञान हेतु भेजा जा रहा है।

महिला थाने में महिलाओं एवं बच्चे ने कटनी पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते वीडियो देखा जो की आपके राज में कानून व्यवस्था की स्थिति बखान कर रहा है बहुत ही शर्मनाक घटना है जो कटनी पुलिसिया अत्याचार का जीता जाता उदाहरण है। हमारा आपसे आग्रह है कि आप मुख्यमंत्री के साथ गृहमंत्री भी है जिस भी अधिकारी और सहायक अधिकारियों ने पत्रकारों के साथ धक्का मुक्की कर दुर्व्यवहार किया है उन्हे तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए पत्र की एक प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश को भी प्रेषित की गई है।

### लापता महिला जबलपुर में मिली

**कटनी**। बाकल पुलिस ने लापता महिला को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाया। पुलिस के अनुसार मोहतरा निवासी प्रार्थी ने थाना बाकल में 26 मई को पत्नी के गुम जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की और विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। तकनीकी और मानवीय स्त्रोतों से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने जिला जबलपुर से गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद किया तथा परिजनों के सुपुर्द किया गया।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहां हर पल खास बनता है।

## खबर संक्षेप

### सागौन के वृक्ष ने की सुरक्षा, टली दुर्घटना, बाल-बाल बची जान

**पन्ना।** वृक्ष जीवन प्रदान करते है ऑक्सीजन के रूप में तो जाना जाता है वहीं जल के लिये भी जंगल की जरूरत पर विगत दिवस अजयगढ घाटी में खंदिया हनुमान जी मंदिर के पास जब एक रेत ढोने वाला ट्रक अचानक सड़क में अनियंत्रित होकर खाई में गिरने लगा तो सागौन के वृक्ष ने सुरक्षा प्रदान की वृक्ष के कारण ट्रक खाई में जाने से बचा। वहीं ट्रक में सवार चालक तथा हेल्पर भी सुरक्षित बच गये ।

### यूथ नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता गोवा में होगी आयोजित

**पन्ना।** यूथ नेशनल एथलेटिक्स चौंपियनशिप 7 जून से 9 जून तक स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफद इंडिया पैडम स्पोर्ट्स कंपलेक्स मापुसा गोवा आयोजित की जाएगी जिसमें पन्ना जिले के पांच बालक एक बालिका का मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे विजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक जिला एथलेटिक्स संघ पन्ना के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार केसरवानी एसडीओपी एसपी सिंह बघेल अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी जिला एथलेटिक्स संगठन के सभी पदाधिकारी ने और खेल और युवा कल्याण विभाग के सभी कर्मचारियों फुटबॉल संघ के सचिव श्री अमर बहादुर सिंह जिले के व्यवसायि अकरम खान ने खिलाड़ियों को बधाई दी और जीतने के लिए हौसला बढ़ाया खिलाड़ियों को जीत कर आने के लिए प्रेरित किया।

### अवैध कब्जा करने वाले करने रहे सड़क को सकरा

# दुर्घटना को न्योता दे रहे सड़क किनारे लगे रेत-गिट्टी के ढेर






**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ**

अभाना से तेजगढ़ तेंदूखेड़ा पाटन मार्ग पर दिन भर बड़ी संख्या में रात दिन छोटे बड़े वाहनों का आना-जाना बना रहता है लेकिन तेजगढ़ बस स्टैंड से चंद कदम दूर अभाना की ओर रोड के दोनों किनारे पर गिट्टी, रेत बेचने वाले व्यापारियों रेत गिट्टी के ढेर लगा रखे है। सडक के किनारो को अड्डा बनाकर अपना व्यापार चला रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी जिन व्यक्तियों के पास रेत गिट्टी बेचने का लाइसेंस नहीं है मनचले तौर से धंधा कर रहे है। वाहन चालकों ने कहा रोड पर रेत गिट्टी रखने वाले व्यक्तियों पर रोड से संबंधित जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी निकलते है लेकिन ध्यान नहीं देते, न कार्यवाही करते है। जिससे अतिक्रमण करने वालों के हौसले बुलंद है। रोड पर रेत गिट्टी के ढेर लगाकर बेधड़क बेच रहे रेत के लगे ढेरो से वाहन क्रॉसिंग के दौरान खतरा बना रहता है। वाहन अनियंत्रित होकर कभी भी दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। संबंधित अधिकारी कर्मचारी गिट्टी रेत के लगे ढेरो को देखते चले जाते है। परंतु ऐसे व्यक्तियों पर कार्रवाई नहीं करते । तेजगढ़ बस स्टैंड चौराहे से भी झलौन की ओर जाने वाले रास्ते पर सड़क किनारे मकान के सामने कुछ व्यक्तियों ने अतिक्रमण कर कब्जा जमा कर दुकान खोल रखी थी जिन व्यक्तियों के अतिक्रमण 25 मई 2024 को तेंदूखेड़ा तहसीलदार ने कार्यवाही कर जेसीबी मशीन लगाकर कब्जा हटवा दिए थे। कुछ व्यक्तियों को हिदायत देकर कब्जा हटाने को कहा गया था लेकिन तहसीलदार के आदेशों का असर अतिक्रमण हटाने वाले व्यक्तियों पर नहीं पड़ा और रोड के किनारे पुनः कुछ व्यक्तियों ने मकान के सामने कब्जा जमा कर सामान रख कर दुकान खोल रखी। सोमवार के दिन गौरैया नदी के पार हाट बाजार लगता हैऔर रोड से बड़ी संख्या में छोटे बड़े वाहन के साथ बाजार आने जाने वाले राहगीर निकलते हैं। बड़े वाहन निकालने पर जाम भी लग जाता है। बाजू से खुली नाली होने की वजह से कभी भी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को किसी भी दुर्घटना के पहले ही अवैध रूप से रेत गिटटी का व्यापार करने वाले एवं अवैध रूप से कब्जा करने वालों पर कार्यवाही करनी चाहिये। अवैध रूप से शासकीय रोड के किनारे सामग्री रखकर धंधा करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही करने में अधिकारी क्यों शांत है यह समझ से परे है।

# वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व सभी क्षतिग्रस्त जर्जर सरंचनाओं पर कार्यवाही के निर्देश

**दमोह।** जिले में निकट समय में वर्षा ऋतु का आगमन अपेक्षित है। इस मौसम में अत्यधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त, जर्जर, अथवा संभावित रूप से असुरक्षित भवनों, दीवारों एवं अन्य संरचनाओं के ध्वस्त होने की संभावनाएं प्रबल हो जाती है। समय रहते सावधानी नहीं बरते जाने पर ऐसे संरचनात्मक खतरों से गंभीर घटनाएं घट सकती हैं। जन सुरक्षा, लोकहित एवं लोक स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आदेश जारी कर कहा है वर्षा ऋतु से पूर्व तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। जिले के सभी क्षतिग्रस्त, जर्जर, अथवा संभावित रूप से असुरक्षित भवनों, दीवारों एवं अन्य संरचनाओं की पहचान, निरीक्षण एवं निमयानुसार ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया, वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व सुनिश्चित के ली जाए । उन्होंने निर्देशित किया है, जिले के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त, जर्जर या असुरक्षित भवनों, इमारतों, दीवारों एवं अन्य संरचनाओं की पहचान की जाएगी। यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि इन संरचनाओं के गिरने से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। यदि कोई भवन, इमारत, अन्य संरचना या दीवार क्षतिग्रस्त पाई जाती है, तो इसे नियम एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हुए सुरक्षा मानकों के तहत विधिपूर्वक ध्वस्त किया जाएगा। यह प्रक्रिया तत्काल आरंभ की जाए और इसमें सभी आवश्यक सुरक्षा उपायों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जिला दमोह द्वारा संपूर्ण कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित की जायेगी। संबंधित अधिकारियों द्वारा यथा आवश्यकतानुसार लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों का सहयोग लिया जा सकेगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की चूक न हो और जनसुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। संपूर्ण प्रक्रिया के समाप्त होने के बाद एवं वर्षा ऋतु से पूर्व संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, जिला दमोह द्वारा एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया जाए। प्रमाण पत्र में यह पुष्टि की जाए कि अब उनके नगर पालिका क्षेत्र एवं जनपद क्षेत्र में कोई भी क्षतिग्रस्त, जर्जर या असुरक्षित भवन, इमारत या दीवार आदि नहीं है। उक्त प्रमाण पत्र की एक प्रति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को भी उपलब्ध कराई जाये। संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी जिला दमोह द्वारा भी इस संबंध में नियमित समीक्षा की जाकर सुनिश्चित किया जाये कि उनके अनुभाग क्षेत्र में इस प्रकार की कोई भी क्षतिग्रस्त, जर्जर या असुरक्षित भवन, इमारत या दीवार आदि नहीं है।

उन्होंने निर्देशित किया सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत जिला द्वारा प्रत्येक सप्ताह परिशिष्ट-1 में संबंधित गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दमोह एवं परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण दमोह को सौंपी जाये। कार्य की सतत निगरानी हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दमोह एवं परियोजना अधिकारी, शहरी विकास अभिकरण, दमोह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह अधिकारी प्रत्येक सप्ताह कार्य प्रगति एवं ध्वस्तीकरण की स्थिति की समीक्षा करेंगे। साथ ही संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा भी इस संबंध में सतत मॉनीटरिंग एवं समीक्षा सुनिश्चित की जावेगी। उन्होंने कहा संबंधित अधिकारी जनसमुदाय के बीच जागरूकता अभियान चलाएंगे, जर्जर भवनों और दीवारों के खतरे के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए सार्वजनिक घोषणाएं, स्थानीय समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया का उपयोग कर जनसमुदाय में जागरूकता अभियान चलाएंगे, जिससे लोग स्वयं अपने आसपास के जर्जर एवं क्षतिग्रस्त भवनों की सूचना समय पर दे सकें और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके। दिए गए निर्देशों के बावजूद जिले में इसी प्रकार की घटना होती है, तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी सुरक्षा मानकों का पूरी तरह से पालन हो और जन सुरक्षा की प्राथमिकता बनी रहे।

# किसानों को दी योजनाओं की जानकारी

**हटा।** भारत सरकार के कृषि विभाग द्वारा खेती को उन्नत और लाभकारी बनाने के लिए विकसित कृषि संकल्प अभियान विगत 29 मई से शुरू किया गया जो 12 जून तक चलाया जाएगा। इस संबंध में हटा वरिष्ट कृषि विस्तार अधिकारी एमपी सरवैया ने जानकारी देते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र दमोह के नेतृत्व में अभियान के तहत हटा विकासखंड के भैंसा एवं वलेह ग्राम में मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया के मुख्य आतिथ्य व कृषि अधिकारियो की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां किसानों तथा आमजनता से संवाद करके कृषि के विकास के संबंध में सुझाव लिए गए। साथ ही किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह भी दी गई। डॉ कुसमरिया ने किसानो को नवीन तकनीकी नवाचार एवं उन्नत खेती के तरीके बताए इसके साथ-साथ उन्होने मशरूम की खेती जैविक एवं प्राकृतिक खेती का सुझाव किसानों के दिया। अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिक दल प्रभारी डॉ राजेश ने खेती की उन्नत तकनीक फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, नवीन तकनीक नवाचार एवं उन्नत खेती के तरीके बताए गए किसानो को नरवाई प्रबन्धन, मृदा परीक्षण, मशरूम की खेती. जैविक एवं प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से बताया गया एवं किसानो के साथ सवाल जवाब कार्यकम भी रखा गया जिसका तुरंत समाधान किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एसके मिश्रा डॉ अमित उपाध्याय ने अभियान के दौरान किसानों को धान की सीधी बुआई, सोयाबीन फसल को रिजफेरो प्रणाली से लगाने तथा खरीफ फसल की तैयारी के संबंध में किसानों का मार्गदर्शन करते हुए तकनीकी जानकारी दी। अभियान के दौरान वरिष्ठ कृषि अधिकारी एमपी सरवैया ने कृषि तथा उससे जुड़े विभागों की सभी प्रमुख योजनाओं की जानकारी एवं उससे लाभ लेने की प्रक्रिया से किसानों को अवगत कराया एवं किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का उपयोग करके मिट्टी की जांच कराने एवं आवश्यकता के अनुसार फसल को पोषक तत्व देने के लिए खाद के उपयोग का निर्धारण कराएं जाने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कृषक बहादुर पटेल, हरिनारायण चौकरया, सुरेश पटेल, कृषि विभाग से अखलेश कुर्मी, हरेंद्र पटेल एईओ, राधेश्याम यादव, सुरभि जैन, उद्यानिकी विभाग से अजय द्विवेदी, पशुपालन विभाग से आत्मानंद मिश्रा एवं विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहीं।



# महिला परिषद ने की सामूहिक पूजन



**दमोह।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद प्रिय कारिणी संभाग नसिया शाखा दमोह श्रुत पंचमी के अवसर पर महिला मंडल के सभी सदस्यों द्वारा सामूहिक पूजन की गई एवं सासा ग्राम से आए भगवान के समोसारण की रथ यात्रा में शामिल होकर जिन शरण मंदिर तक जुलूस में गए जिनवाणी एवं शास्त्रों को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संरक्षिका एवं प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी श्रीमती रोहिणी जैन प्रांतीय चेयरपर्सन कविता जैन शाखा संरक्षिका चंदन वाला जैन शाखा अध्यक्ष समता जैन शाखा उपाध्यक्ष सीमा दिगंबर तरु जैन मंत्री सीमा जैन समीक्षा बजाज लवली महिमा रोशनी मून चांदनी मून पदमा जैन की उपस्थित रही।

## पैक्ड दूध के लिए गए नमूने

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने दमोह शहर स्थित किराना दुकानों में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए किराना दुकानों में विक्रय की जा रही खाद्य सामग्री की जांच की है। कार्यवाही में सिविल वार्ड नंबर 4 स्थित आकृति किराना का निरीक्षण किया गया है। उक्त दुकान में एक्सपायरी डेट का पैक्ड दूध ग्राहक को बेचने की सी एम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज हुई थी। निरीक्षण के दौरान परिसर से मौके पर विक्रय हेतु संग्रहित अमूल टोंड दूध के नमूनें जांच हेतु लिए गए हैं। मौके पर परिसर में एक्सपायरी डेट के मसाले, मैदा, अचार, पोहा, सोया सॉस, बेकिंग पाउडर,चायपत्ती, विनेगर आदि की 9.5 किलो मात्रा मूल्य 2268 रुपए संग्रहित पाए जाने पर विनष्टीकरण किया गया है। इसी तरह बालाकोट रोड, किल्लाई नाका स्थित नमो मार्ट का निरीक्षण करके सौंफ के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। इन नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री के विक्रय एवं भंडारण नहीं करने के सभी किराना दुकानदारों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

## क्षेत्र में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब



**पथरिया।** क्षेत्र में अवैध कारोबार करने वाले के हौसले इतने बुलंद हैं कि जहां देखो वहां चल रहें पर पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा कोई ध्यान नही जा रहा क्योंकि अगर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री नही हो रही होती तो भगवती मानव कल्याण संगठन को आये दिन अवैध शराब नही मिलती नशा विरोधी जन आंदोलन के तहत पथरिया थाना अंतर्गत लखरौनी में भगवती मानव कल्याण संगठन पथरिया के कार्यकर्ताओं ने 4 पेटी अवैध शराब पकड़ी मतलब संगठन को अवैध शराब मिल जाती है पर जिनकी जिम्मेदारी है उनको नही जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

### विकसित कृषि संकल्प यात्रा पहुंच रही है गांव गांव

**पन्ना।** भारत सरकार के केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत की गई है। इसी तारतम्य में पन्ना जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र एवं किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग पन्ना के प्रयासों से विकसित कृषि संकल्प यात्रा गांव गांव तक पहुंच रही है, जिसके माध्यम से उन्नत कृषि तकनीक, ग्रीष्मकालीन फसलों की समसामयिकी सलाह, नरवाई प्रबंधन, ड्रोन तकनीक, खरीफ बागवानी फसलों की तैयारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधारित उर्वरकों का प्रयोग, प्राकृतिक कृषि एवं भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि एवं संबंधित विभागीय योजनाओं के बारे में किसानों को संगोष्ठी के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी जा रही है। आज विकासखंड पन्ना की ग्राम पंचायत जनवार, जरधोवा, कुंजवन, गहरा एनएमडीसी, जरूआपुर तथा मनौर में किसान सभा का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा बैठक सम्पान्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा सी.एम. हेल्पललाईन में लंबित शिकायतों की सतत निगरानी, समीक्षा एवं शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाए जाने हेतु जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी( राजस्वध) को नोडल अधिकारी नियुक्तक किया गया है। जिसके परिप्रेक्ष्यत में अनुविभागीय अधिकारी राकेश सिंह मरकाम राजस्वन हटा ने 03 जून 2025 को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग तथा लोक स्वास्थ्यि यांत्रिकी विभाग की लंबित सी .एम हेल्प2लाईन शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारियो को सी.एम. हेल्पालाइन के फॉलोअप भरने के संबंध में विस्तृयत रूप से समझाया गया तथा निर्देशित किया गया कि लंबित शिकायतो का गुणवत्ताीपूर्ण व संतुष्टि पूर्ण निराकरण कराए तथा ऐसी शिकायते जिन पर कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है तथा किसी तरह की कार्यवाही लंबित नहीं है अथवा हितग्राही को नियमानुसार पात्रता नहीं आती है, की सूची तैयार कर फोर्स क्लो ज किए जाने के प्रस्ताकव प्रेषित किए जाए। बैठक में विकास खंड हटा एवं पटेरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत , मुख्यत खंड चिकित्सास अधिकारी, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, उपयंत्री लोक स्वाकस्ड्‍ यांत्रिकी विभाग तथा उनका अधीनस्थप अमला उपस्थित रहा है। राजस्वी विभाग अंतर्गत सी.एम हेल्पकलाइन समीक्षा में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए अभिषेक ताम्रकार पटवारी तहसील पटेरा की 01 वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश दिया गया है तथा प्रभारी राजस्वं निरीक्षक लुहारी गोविंद गुप्तात तथा राजस्वस निरीक्षक देवडोंगरा लीलाधर अहिरवार के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित किए जाने के प्रस्तारव कलेक्टवर दमोह को प्रेषित किए गए है ।



# विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन



**जबेरा।** जिला प्रशासन के निर्देशन में जिले एवं विकासखंड स्तर पर विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मंगलवार को जबेरा जनपद के ग्राम नोहटा में राज्यमंत्री के पिता श्री भाव सिंह लोधी के मुख्य आथित्य में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यमंत्री के पिताश्री भाव सिंह लोधी एवं मंडल अध्यक्ष सतपाल सिंह सहित उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान श्रीराम जी का पूजन अर्चन कर किया गया। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जबेरा नरेंद्र सिंह ठाकुर, कृषि विज्ञान केंद्र से नोडल अधिकारी डॉक्टर बी एल साहू, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि सांख्यिकी खरपतवार निदेशालय डॉक्टर योगिता गारडे, वैज्ञानिक कृषि वानिकी जबलपुर डॉक्टर स्यामनाथ सरवड़े, वैज्ञानिक पौध रोग जबलपुर डॉक्टर पवन अमरते, कृषि विस्तार अधिकारी जबेरा रितेश सिंह आदि द्वारा उपस्थित कृषकों को कृषि में क्या टेक्नोलॉजी अपनाएं जिससे कृषक का उत्पादन बड़े और साथ ही कृषक अन्य व्यवसाय करके आय में बढ़ोतरी कर सके। इस अवसर पर कृषि विभाग से अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि एवं कृषकों की उपस्थिति रही।

# अहिरवार समाज संघ की हुई बैठक



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

स्थानीय गार्डन में जिले के कई ब्लॉको से आये अहिरवार समाज संघ के समाजसेवियों की बैठक हई। बैठक में उपस्थित मुख्य अतिथि अहिरवार समाज संघ के प्रदेश अध्यक्ष एमएल वर्मा ने कहा कि हमारे समाज का एक बड़ा तबका बुराईयों खासकर नशे में लिस्त है हम सब समाज सेवियों जो जिस वार्ड पंचायत में रहता है ऐसे व्यक्तियों को समझाना चाहिये कि हमे मानव जीवन मिला है तो हम अपने ब्लॉक में नगर में ऐसा काम करे कि आने वाली पीड़ी हमे याद करे। कार्यक्रम आयोजक एवं अहिरवार समाज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम अहिरवार ने कहा कि हम सब को मिलकर मृत्यु भोज जैसी प्रथा को भी बंद करवाने का प्रयास करना चाहियें जैसे कई समाज इस कुप्रथा को बंद कर चुके है इस दिशा में सभी पहल करें। इस बैठक के बाद 22 जून को मकरोनिया सागर में भी संभागीय बैठक होगी। विशेष अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पथरिया सुंदर लाल विश्वकर्मा की भी उपस्थिति रही। बैठक संचालन श्रीधर सुनम, पूर्व पार्षद एवं शिक्षक मुकेश अहिरवार ने किया। बैठक मं प्रमुख रूप से तेजीराम रोहित, हेमराज पार्षद, प्रदीप अहिरवार, मानक अहिरवार सहित अहिरवार समाज संघ के अनेको समाज सेनियो की उपस्थिति रही।

# श्री हरि विष्णु के अवतार भगवान श्री कृष्ण ने महालक्ष्मी की अंशावतार रुक्मणी का वरण किया - पं रवि शास्त्री

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह**

ग्राम पिपरोधा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने रुक्मणी मंगल की कथा को सुनाया उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के गुणों का वर्णन देवऋषी नारद ने कुंडिनपुर की राजकुमारी भीष्मक नंदिनी रुक्मणी के सम्मुख कर दिया रुकमणी भगवान की स्वरूप शक्ति है और जैसे ही श्री कृष्ण के गुणों के विषय में सुना उन्होंने मन ही मन श्री कृष्ण को पति रूप में स्वीकार कर लिया किन्तु रुक्मणी का भाई रुक्मी रुक्मणी का विवाह शिशुपाल के साथ तय कर चुका था और ये शिशुपाल यद्यपि श्री कृष्ण की बुआ का लड़का था किन्तु कृष्ण को शत्रु मानता था शिशुपाल जरासंध का विशेष सहयोगी था कुंडिनपुर में शिशुपाल की बारात आने ही वाली थी रुक्मणी जी ने एक ब्राह्मण के हाथ एक पत्र श्री कृष्ण के पास द्वारका में भिजवाया श्री कृष्ण ने वह पत्र पढ़ा उसमे लिखा था कृष्ण जब से मैंने आपके गुणों के विषय में श्रवण किया है तब से आपकी मूर्ति मेरे हृदय में समा गई है आप साक्षात श्री हरि विष्णु का अवतार हैं और मैं महालक्ष्मी का अवतार हूं मैंने अपना मन आपको अर्पित कर दिया आप ही मेरे नाथ हैं और शीघ्रता से मेरा पाणिग्रहण करें मेरे भाई ने मेरा विवाह शिशुपाल के साथ निर्धारित किया है किन्तु मैंने तो आपको अपना पति वरण किया है हे प्रभु आप समय पर आ करके मुझे स्वीकार करें भगवान श्री कृष्ण ने देर नहीं लगाई दारुक सारथी को आदेश दिया दारुक रथ तैयार करो और बिना बलराम जी को बताए रथ पर सवार होकर ब्राह्मण को साथ लेकर के कुंडिनपुर पहुँच गए राजा भीष्मक ने श्री कृष्ण को अतिथि गृह में ठहराया जरासंध भी यह सोच कर अपने मित्रों के साथ आया कि कृष्ण अतिथि बन कर आया है जो शिशुपाल के विवाह में कोई विघ्न डाल सकता है। रुक्मणी जी सखियों और कुछ सैनिकों के साथ मंदिर में पूजा के के लिए निकली तो श्री कृष्ण मंदिर के सम्मुख पहुँच गए और रुक्मणी के साथ भगवान द्वारिका की ओर चले रुक्मी ने पीछा किय रुक्मी के पास ब्रह्मास्त्र था उसने श्री कृष्ण पर ब्रह्मास्त्र छोड़ दिया भगवान श्री कृष्ण ने सुदर्शन चक्र द्वारा ब्रह्मास्त्र निरस्त कर दिया और रुक्मी को कुरूप बना के छोड़ दिया पीछे से शिशुपाल दंतवक्र जरासंध बाणासुर ये सभी राजा जब श्री कृष्ण का पीछा करने लगे तो बलराम जी आ गए और अकेले बलराम जी ने सभी को मार मार के भगाया भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी जी को लेकर द्वारका जी में आए और द्वारका में विधिवत रुक्मणी श्री कृष्ण का विवाह संस्कार सम्पन्न हुआ।



## खबर संक्षेप

### 14 और 15 जून को एमएलबी स्कूल में लगेगा पुस्तक मेला - कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए कहा, एम.एल.बी स्कूल में 14 और 15 जून को अपरान्ह 04 बजे से रात को 10 बजे तक पुस्तक मेला आयोजित किया जा रहा है, उन्होने कहा इस संबंध में हमारा प्रयास यह है, कि अधिक से अधिक अभिभावक कम से कम दर पर किताबें, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म और जूते आदि खरीद सके। इस दृष्टि से हम मेला लगा रहे हैं और इस सीज़न का आखिरी पुस्तक मेला होगा क्योंकि इसके बाद 16 जून से स्कूल शुरू हो रहे हैं, इसीलिए 14 और 15 जून को मेला का आयोजन किया गया है, ताकि सभी लोग आराम यहाॅ आकर खरीदारी कर सके। कलेक्टर ने कहा जिन लोगों ने अभी तक किताबें नहीं खरीदी है उनके लिए अवसर है, कि किताबें खरीदे और बाकी सामग्री खरीदे। उन्होनें कहा मेरा अनुरोध है, कि अधिक से अधिक संख्या में आप आए और पुस्तक मेले का लाभ उठाऍं।

### मॉकपोल 5 जून को

**दमोह।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने बताया राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार पंचायत निर्वाचन संपन्न कराये जाने के पूर्व मॉकपोल (क्षद्म मतदान) का आयोजन 05 जून 2025 को जनपद पंचायत हटा के जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 16 के ग्राम पंचायत गैसाबाद, गरेह, बलेह के 5 मतदान केंद्रों में उपनिर्वाचन पेपरलेस प्रक्रिया के माध्यम से आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार संपन्न कराया जायेगा। उन्होंने कहा उक्त मतदान वास्तविक मतदान ना होकर, पेपरलेस मतदान की तैयारी के लिए क्षद्म रूप से आयोजित की जाएगी। इस संबंध में जनपद हटा में एसडीएम हटा की अध्यक्षता में निर्वाचन दलों को प्रशिक्षण दिया गया।

### पैथालॉजी सेंटर एवं कलेक्शन सेंटर को जारी किये गये नोटिस

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने बताया गठित निरीक्षण दल द्वारा जिले में सभी पंजीकृत नर्सिंग होम/प्रायवेट अस्पताल और पंजीकृत एवं अपंजीकृत कुल 30 प्रायवेट पैथालॉजी सेंटर एवं कलेक्शन सेंटर की जांच की गई। जांच दल द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर पाई गई कमियों को दूर करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी नर्सिंग होम संचालकों को नोटिस जारी कर कमियों को दूर करने के लिए एक माह और प्रायवेट पैथालॉजी सेंटर एवं कलेक्शन सेंटर को 07 दिवस में पाई गई कमियों को दूर करने के निर्देश दिये गये है। अन्यथा की स्थिति में तत्संबंधी विधिक कार्यवाही की जायेगी।

### परिजनों ने दमोह छतरपुर हाईवे पर लगाया जाम

# अज्ञात कार की टक्कर से किशोरी की मौत, परिजनों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ

बटियागढ़ थाना क्षेत्र के लुकायन गांव में चार दिन पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से 15 वर्षीय किशोरी घायल हो गई थी। जिसकी जबलपुर में मंगलवार दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और दमोह छतरपुर हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही बटियागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन नहीं माने करीब दो घंटे तक जाम लग रहा। इसके बाद पथरिया एसडीओपी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजन जाम हटाने तैयार हुए। इस दौरान सड़क के दोनों और सैकड़ों



वाहनों की लंबी-लंबी लाइन लग चुकी थी। यातायात सुचारू रूप से शुरू हुआ। जानकारी के अनुसार लुकायन गांव निवासी लक्ष्मी बाई पिता कलू रैकवार 15 को शुक्रवार रात एक अज्ञात तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। परिजन घायल बच्ची को लेकर इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने डाक्टर ने इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां मंगलवार को घायल बच्ची ने दम तोड़ दिया। परिजन शव लेकर गांव पहुंचे और सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिससे दमोह छतरपुर हाइवे पर जाम लग गया। सूचना मिलते ही बटियागढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन मानने तैयार नहीं हुए। परिजनों का कहना था जिस कार ने टक्कर मारी है उसका गेट टूटकर सड़क पर गिरा था। तत्काल उसकी पहचान कर चालक पर मामला दर्ज किया जाए और उचित मुआवजा दिया जाए। पथरिया एसडीओपी रघु केसरी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को आश्वासन दिया कि अज्ञात वाहन की तलाश कर चालक पर मामला दर्ज किया जाएगा। उसके अलावा नियम के तहत जो भी राशि मिलेगी वह दिलवाई जाएगी। परिजन बात मानने तैयार हुए और जाम हटाकर बच्ची का अंतिम संस्कार किया गया। शाम चार बजे से छह बजे तक हाइवे पर यातायात बाधित रहा। जब जाम खुला उसके बाद एक एक कर वाहनों को निकलवाया गया।

# हत्या के प्रयास के आरोपी को पांच वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अपर सत्र न्यायाधीश श्री संतोष गुप्ता की अदालत ने दुकान में घुसकर जानलेवा हमला करने के प्रकरण में आरोपी आकाश उर्फ कांचा दुबे को दोषी पाते हुए भारतीय दंड संहिता की धारा 307 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा धारा 450 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। शासन की ओर से प्रकरण में प्रभावी पैरवी शासकीय अभिभाषक श्री राजीव बद्री सिंह ठाकुर द्वारा की गई।



### यह था मामला

यह घटना थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत 16 जनवरी 2020 की है। रात्रि 8 बजे बलराम सेन अपनी ₹राहुल मेंस पार्लर₹ नामक दुकान बंद करने ही वाले थे कि उसी समय आरोपी आकाश उर्फ कांचा दुबे (22 वर्ष) निवासी सिविल वार्ड क्रमांक 4 एवं मयंक सैनी (22 वर्ष) निवासी सिविल वार्ड क्रमांक 8, दमोह वहां पहुंचे और बलराम को गालियां देने लगे। उन्होंने पूछा कि राहुल कहां है? बलराम ने उत्तर दिया कि वह दुकान पर नहीं है, तब दोनों ने बलराम को पकड़ लिया और कहा – ₹तू राहुल को छिपा रहा है, आज तुझे ही खत्म कर देते हैं₹। इसके बाद आकाश ने अपनी जेब से चाकू निकालकर बलराम के कंधे एवं पीठ में जानलेवा वार किए। हमले के पश्चात दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए।घायल बलराम की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं उन्हें उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। प्रकरण में न्यायालय में विचारण के दौरान अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आरोपी आकाश दुबे को दोषी ठहराया गया। यद्यपि स्वतंत्र साक्षीगण ने अभियोजन की पुष्टि नहीं की और कुछ साक्ष्य विरोधाभासी भी प्रतीत हुए, फिर भी न्यायालय ने स्पष्ट किया कि साक्ष्य अधिनियम के अनुसार किसी तथ्य की पुष्टि हेतु एक विश्वसनीय साक्षी पर्याप्त होता है। साक्षियों के कथनों में समय के अंतराल, स्मरण शक्ति एवं निरीक्षण क्षमता के कारण भिन्नता स्वाभाविक मानी गई। अभियोजन के साक्ष्य से संतुष्ट होकर न्यायालय ने आरोपी आकाश दुबे को धारा 307 (हत्या का प्रयास) में 5 वर्ष का सश्रम कारावास तथा धारा 450 (गृहभेदन) में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं आरोपी मयंक सैनी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

## पंजीकृत प्रायवेट अस्पतालों का किया निरीक्षण

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया दो जिला स्तरीय जांच दल के द्वारा दमोह जिले के सभी पंजीकृत नर्सिंग होम/प्रायवेट अस्पताल का निरीक्षण 01 मई से 15 मई 2025 के बीच किया गया। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने आगे बताया निरीक्षण में सभी नर्सिंग होम में बायोमेडिकल वेस्ट, फॉयर सेफ्टी, वाहन पार्किंग, इलेक्ट्रिक सेफ्टी, शिकायत पंजी का संधारित नहीं होना, नर्सिंग ऑफीसर के पंजीयन नवीनीकृत नहीं कराना, रिकार्ड संधारण न होना, साफ-सफाई की सही व्यवस्था न पाया जाना, रेट लिस्ट प्रदर्शित न करना, कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से न कराना, पैथालॉजी, एक्स-रे का पृथक से पंजीयन न कराना आदि कमियाॅ पाई गई। जिन पर सभी नर्सिंग होम को म.प्र. उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाऍं (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 नियम 1997 यथा संशोधन 2021 की धारा 6(1) के तहत कारण बताओ नोटिस दिया गया है एवं नोटिस का समाधानकारक जबाव एक माह के भीतर न देने पर इस एक्ट की धारा 6(2) के अनुसार नर्सिंग होम के पंजीयन एवं लायसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

## सड़क निर्माण व पानी निकासी की समस्या से ग्रामीण परेशान



**सिंग्रामपुर।** ग्राम सिंग्रामपुर में सीसी सड़क निर्माण और पानी निकासी की समस्या गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों ने कई बार शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकला है। जरीनबी खान ने बताया बारिश होते ही घरों के सामने घुटनों तक पानी भरा रहता है, जिससे गंदगी और बीमारियाँ फैल रही हैं। नल जल योजना का पानी भी व्यर्थ जा रहा है। ग्रामीणों ने 181 सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करवाई है, जिससे जल्द से जल्द समस्या का समाधान हो सके। लेकिन सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत करने के बाद ग्रामीणों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीण बताते हैं समस्या की बजह है सीसी सड़क निर्माण में पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है- नालियों का पानी निकासी की ओर - ग्राम पंचायत का ध्यान नहीं है। ग्राम पंचायत को सीसी सड़क निर्माण व पानी निकासी की व्यवस्था के साथ साथ नालियों की नियमित सफाई की ओर ध्यान देते हुए ग्राम पंचायत और स्थानीय प्रशासन को इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करना चाहिए।

### साधु और सैनिक दोनों के लिए साकेत धाम में सम्मान सभा

# साधु धर्म का प्रहरी तो सैनिक देश का प्रहरी- श्री भगवान वेदांताचार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्राणी मात्र का जीवन दर्शन जिसका आधार धर्म है जिसकी संपुष्टि हरीहरात्मक मृत्युजंय महायज्ञ से सुलभ होती दिखाई दे रही है। इस तात्पर्य का संवाहक धर्म के रक्षक धर्माचार्य है। और देश के रक्षक सैन्य शक्ति भी जो अपनी ऊर्जा से सजग प्रहरी बन कर उस जगह पर सेवा देते है। जहां जन सामान्य को जाना दुर्गम है। ऐसे में भगवान मृत्युंजय उन को आत्मबल देते है जिससे देशवासियों की प्राण रक्षा में सहयोग करते चले आ रहे है। इसी की दार्शनिक दृष्टि धर्माचार्यों के पास है। जो सुशासन युक्त राष्ट्रीय भावना की एकता में दिन रात एक कर जन मानस को देश हित में समर्पित किए हुए है। इसलिए साधु और सैनिक जो कि नाम राशि से एक है देश में सच्चे प्रहरी या सिपाही कहे जाते है। अतः जैसे सैन्य शक्ति के बिना समृद्ध शाली राष्ट्र का निर्माण नहीं हो सकता चाणक्य के अनुसार वैसे ही धर्म और नैतिक मूल्यांकन के बिना अखंड भारत का निर्माण बिना दोनों के होना संभव नहीं इसी चाह में




दमोह में आयोजित पंच दिवसीय अनुष्ठान में विद्वत संगोष्ठी के माध्यम से परिलक्षित की जहां सैनिकों का सम्मान धूमावती जयंती में साधुओं के वचनामृत के साथ पूर्णाआहुति के अवसर पर सम्पन्न हुआ प्रमुख यजमान श्री दीपक एवं अंजली हरलालका ने सभी का शुभाशीष प्राप्त किया जिसमें मातापिता श्री प्रभा राजेंद्र कुमार राजगढ़िया का स्नेह शामिल है साप्तविंशती ब्राह्मणों के साथ आचार्य दिनेश पाठक एवं ब्रह्मा ॐ गुरु ने यज्ञीय विधान को राष्ट्र हित में संपादित किया, काशी से पधारे प्रो. महंत श्रवण दास एवं रघुनाथ दास जी महाराज का आशीर्वाद लिया महामंगल सेवा समिति द्वारा सैन्य शक्ति सम्मान समारोह में मंच संचालन श्री पं.राकेश चतुर्वेदी द्वारा किया गया। पुष्पमाला से अभिनंदन बद्री बाबा, मनोज देवलिया उमाशंकर चौरसिया ने किया वहीं उपसंहार महंत कमलापत दास एवं वेद प्रकाश पाठक जी ने सभी को धन्यवाद दिया।

**रोजगार शिविर 11 से 14 जून तक-** **दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा, पिछले युवा संगम में 2266 लोगों को रोजगार मिला है और इसी के बाद अगला युवा संगम जो हम लोगों ने प्लान किया था कि 1 टू 1 कंपनियों के साथ चर्चा करके उनके विशेष शिविर लगा रहे हैं इसमें चार जगहों पर 11 जून को पथरिया, 12 जून को हटा, 13 जून को जबेरा और 14 जून को तेंदूखेड़ा में है और इस ड्राइव में लगभग 2000 से अधिक पदों को लेकर के आ रहे हैं और सभी युवाओं की टाटा मोटर्स में भर्ती होगी और कंपनी को 18 से 23 साल की उम्र के युवा चाहिए।

# वन अधिकार पत्र देने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



दमोह। जन संगठन एकता परिषद के बैनर तले जनसुनवाई में दमोह मुख्यालय पहुंचकर पटेरा ब्लॉक के ग्राम महगवा एवं कौवाख्वा के अनेक आदिवासियों ने वन अधिकार कानून के अंतर्गत लगाये गये उनके दावों की जांच कर वन अधिकार पत्र दिए जाने की मांग की है। साथ ही वन विभाग द्वारा नर्सरी लगा कर छीनी गई मझगवां के गरीब आदिवासियों की वर्षों से काबिज कृषि भूमि वापसी की भी मांग की है। इस संबंध में एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने बताया कि महगवा एवं कौवाख्वा के आदिवासी वर्षों से जंगल की जमीन पर कब्जा करके कृषि कार्य करते चले आ रहे हैं। उनके द्वारा वन अधिकार कानून के अंतर्गत विधिवत अपने दावे कई बार लगाए गए । किंतु आज दिनांक तक उनके दावों की जांच नहीं की गई। परिणाम स्वरूप एक और जहां उन्हें वन विभाग परेशान कर रहा है । उनकी भूमि पर नर्सरी लगा रहा है। वहीं दूसरी ओर उन्हें विधिवत बन अधिकार पत्र भी नहीं मिल पा रहा है। जिससे इनकी आजीविका खतरे में पड़ी हुई है। इस मौके पर नायब तहसीलदार के एल विश्वकर्मा ने जिला प्रशासन की ओर से ज्ञापन लेते हुए आवश्यक कार्यवाहीं का आश्वासन दिया। इस मौके पर देवेन्द्र दुबे, अयोध्या प्रसाद , प्रहलाद रैकवार, मोहन सिंह आदिवासी, जिला रानी आदिवासी, सुखरानी आदिवासी, माया रानी आदिवासी, अवध रानी, कैश रानी, प्रेम रानी, विद्या रानी, भारत सिंह, सुरेश सिंह कुसुम रानी ,राजू आदिवासी रानी आदिवासी ,कोदू सिंह सहित बडी. संख्या में पीड़ित ग्रामीण मौजूद रहे।

### जनसुनवाई में 256 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 256 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 125 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ 18 आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत, लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में जनसुनवाई के क्रम में कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 14 निराकृत एवं 07 आवेदन लंबित हैं। इसमें लुहारी, बांसाकला सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

# ग्राम पंचायतों में नहीं बुलाई जाती बैठकें, खानापूर्ति तक सिमटी ग्राम सभाएं

**गैसाबाद।** शासन के आदेशानुसार 2 अक्टूबर गांधी जयंती राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 26 जनवरी को विशेष ग्राम सभा बुलाकर आमजन को पंचायतो से संबंधित संपूर्ण जानकारियां प्रदान कराई जाए, लेकिन शायद ही किसी भी पंचायत में नियम अनुसार ग्राम सभा बुलाई जाती हो अधिकांश पंचायते मात्र खाना पूर्ति के लिए ग्राम सभा बुलाकर सिर्फ खाना पूर्ति करती है। ग्रामीण आंचल की खमरगौर हरदुआ उमराव,तेवरैया, गरैह, जैसी अनेक पंचायत में पांचों की बैठक नहीं बुलाई जाती है ना हीं यह पंचायते नियम अनुसार ग्राम सभा का आयोजन नहीं करती हैं। ग्राम पंचायत गैरह के पंच बताते हैं कि हमारी पंचायत में बैठक नहीं बुलाई जाती है और ना ही पंचों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाती है। हरिभूमि संवाददाता ने जब पंचायतो की हकीकत जानने के लिए पंचायतो का दौरा किया तो चौका देने वाली जानकारी सामने आई खमरगौर पंचायत में तो ऐसे निर्माण कार्य की राशि का आहरण कर लिया गया जिसका अभी तक निर्माण ही नहीं हुआ। ग्राम पंचायत गैरह की यदि सूक्ष्मता से जांच इंक्वारी की जाए तो अनेक अनियमितताएं उजागर होगी। इसी तरह दादपुर,तेवरैया हरदुआ उमराव आदि पंचायतो में बड़े पैमाने पर हेरा फेरी होने की शिकायते प्राप्त हुई है। ग्रामीण अंचल की अधिकांश जनता ने ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा नहीं होने एवं पंचायतो में बैठक नहीं बुलाए जाने की बात कही है। यहां पर विचारणीय पहलू यह है कि जब ग्राम की जनता को ग्राम सभा एवं बैठक की सूचना ही प्राप्त नहीं होती है वह ग्राम सभा में पहुंचते ही नहीं है तो फिर ग्राम सभा कैसे?हो जाती है ग्राम सभा का कोरम पुरा कैसे?हो जाता है बिना जनता और बिना पंचों की सहमति से प्रस्ताव पारित कैसे? हो जाते है, यह सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है, पंचायतो के कुछ पंचों ने तो अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि हम लोगों को तो पता ही नहीं चलता है कि कब कौन सा प्रस्ताव डल गया क्या निर्माण कार्य हो गया सरपंच सचिव अपने मनमर्जी से प्रस्ताव पारित करके अपने समर्थकों के अंगूठा निशानी कराके ग्राम सभा एवं बैठकों की औपचारिकता पूरी करके अपने मन माफिक पंचायत चलते हैं, क्षेत्र की कुछ पंचायते तो ऐसी भी है जो वर्ष में सिर्फ राष्ट्रीय पर्व पर ही खुली हुई दिखाई देती है बाकी के अधिकांशता समय पंचायत कार्यालयो पर ताला लटकता रहता है ग्रामीण क्षेत्र की आम जनता ने पंचायतो में व्याप्त अनिवार्ताओं पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है, इस पूरे मामले पर जब जिला पंचायत सीईओ से बात की तो हमेशा की तरह आज भी उनका वही जवाब था मैं देखता हूं कि मामला क्या है।

## सर्व हिन्दु समाज ने किया पुतला दहन



**दमोह।** सर्व हिन्दु समाज के कार्यकर्ताओं ने डॉ अजय लाल का पुतला दहन किया। इसे दौरान बताया कि दमोह में मिशनरी संस्था का संचालन करते हुए धर्मांतरण, मानव तस्करी सहित फर्जी डॉक्टर प्रकरण सहित अन्य अनेक मामलों में आरोपी व वर्तमान में फरार इनामी आरोपी डॉ अजय लाल का एक वीडियो पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर लाइव चलाया गया है जिसमें श्री लाल की उपस्थिति में इसाई धर्म को मानने बाले सबसे खतरनाक देशों में भारत (इंडिया) का भी नाम ले रहे है और हमारे देश के हालातों की तुलना नार्थ कोरिया, ईरान, चाइना के साथ कर रहे है। उपरोक्त वीडियो सामने आने और वायरल होने के बाद यह स्पष्ट है कि आरोपी विदेशों में भारत और भारत की व्यवस्थाओं की नकारात्मक और हिंसक छवि दिखाते हुए भारत को बदनाम कर रहा है जो देशद्रोह की श्रेणी में आता है और वह धर्मांतरण में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार कर रहे है। उक्त कृत्य से हिंदू समाज ही नहीं अपितु भारत का प्रत्येक नागरिक आहत है और वह आरोपी पर देशद्रोह सहित अन्य सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की मांग करता है। साथ ही आरोपी के विभिन्न विभागों के लोगों से सामने आ रही सांठगांठ की भी जांच कराई जाकर संबंधितों पर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएं।

# तेजगढ पुलिस ने पकडी अवैध शराब



**दमोह।** थाना प्रभारी तेजगढ द्वारा अवैध शराब जब्त करने की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह व्दारा अवैध शराब एवं जुआ की धरपकड के चलाये जा रहे अभियान के दौरान श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन, श्रीमान एसडीओपी महोदय तेदूखेड़ा के मार्गदर्शन में दिनांक 03/06/2025 को मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी तेजगढ उप निरीक्षक अभिषेक पटेल, स.उ.नि. संजयसिंह, प्र.आर. संदीप महोविया, प्र.आर. रघुराज सिंह, प्र.आर. नेतराम सेन आर. राजन सिंह आर. चेनसिंह, आर. देवराज, आर. महेन्द्र कुमार, आर. रामनिवास द्वारा हरदुआ तिराहा से मोहरा तिराहा के बीच आम रोड से वह वाहन नर्सरी के पास में दविस देकर आरोपी महेन्द्रा TUV 300 सफेद रंग क्रमांक MP 28 CA 3639 पर सवार व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने15 पेटी खाकी के कार्टून लाल मसाला देशी शराब कुल 750 पाव शीलबंद कीमती 82500 रूपये की, 15 पेटी सफेद मदिरा प्लेन शराब जो कागज के कार्टुन में रखी कुल 750 पाव शीलबंद है कीमती 60000 रूपया की कुल शराब देशी सफेद एवं लाल कीमती 142500 रूपया की, एक सफेद रंग की महेन्द्रा TUV 300 सफेद रंग क्रमांक MP 28 CA 3639 कीमती 800000/- रूपया की जप्त की गई। आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में थाना तेजगढ़ से थाना प्रभारी उनि अभिषेक पटेल, स.उ.नि. संजयसिंह, प्र.आर. संदीप महोविया, प्र.आर. रघुराज सिंह, प्र.आर. नेतराम सेन आर. राजन सिंह आर. चेनसिंह, आर. देवराज, आर. महेन्द्र कुमार, आर. रामनिवास का विशेष योगदान रहा।